सद्गुरू नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित भोपाल

प्रधान कार्यालय–ई–5/13, प्रथम तल, रविशंकर नगर, अरेरा कॉलोनी भोपाल।

निविदा–सह–नीलामी बिक्री की शर्ते

(दैनिक भास्कर एवं प्रदेश टुडे समाचार पत्रों में दिनांक 27.02.2026 को प्रकाशित सूचना के संबंध में– नीलामी दिनांक 30.03.2026 समय प्रातः 10:30 से नीलामी समाप्त होने तक)

01. संपत्ति की बिक्री ''**जैसा है जहाँ है,'' जो है जैसा है' जो कुछ भी है**'' के आधार पर होगी।

02. प्रत्येक सम्पत्ति की नीलामी में भाग लेने हेतु निविदा–सह–नीलामी बिक्री हेतु समाचार पत्र दैनिक भास्कर एवं प्रदेश टूडे में दिनांक 27.02.2026 को प्रकाशित सार्वजनिक सूचना में उल्लेखित सम्पत्तियों के समक्ष दर्शायी गई धरोहर राशि का पृथक–पृथक ड्राफ्ट या बैंकर चेक जो ''**सद्गुरू नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित भोपाल''** के नाम देय होगा। प्रत्येक सम्पत्ति की निविदा के साथ पृथक–पृथक बंद लिफाफे में जमा करना होगा।

03. सपंत्ति के निरीक्षण एवं सम्पत्ति से संबंधित अन्य जानकारी हेतु दिनांक 26.03.2026 को या उसके पूर्व बैंक के कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक (बैंक के अवकाश दिनों को छोड़कर) प्राधिकृत अधिकारी की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है।

04. सील बंद लिफाफें पर जो सम्पत्ति क्रय की जाना है उसका विवरण एवं बोलीकर्ता का नाम स्पष्ट शब्दों में लिफाफे पर अंकित करना होगा।

05. बोलीकर्ता को संबंधित सम्पत्ति की नीलामी, जिस हेतु उसके द्वारा सीलबंद निविदा प्रस्तुत की गई है उसे सोमवार दिनांक 30 मार्च 2026 को समाचार पत्र में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना में निर्धारित नीलामी दिनांक एवं समय से आधा घण्टे पूर्व अनिवार्य रूप से बैंक के प्रधान कार्यालय ई–5/13, प्रथम तल, रविशंकर नगर, अरेरा कॉलोनी भोपाल में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा।

06. यदि संपत्ति की विक्रय राशि रू. 50.00 लाख (रूपए पचास लाख) या उससे ऊपर हुई तो उस परिस्थिति में खरीददार (सफल बोलीकर्ता) को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।

07. निविदा–सह–नीलामी बिक्री हेतु समाचार पत्र दैनिक भास्कर एवं प्रदेश टूडे में दिनांक 27.02.2026 को प्रकाशित सार्वजनिक सूचना में उल्लेखित सम्पत्तियों के समक्ष निर्धारित तिथि एवं समय पर सीलबंद निविदाऐं बोलीकर्ताओं की मौजूदगी में खोली जावेगी। हालाकि सामान्यतः बिक्री, बंद निविदाओं के जरिए होगी, परन्तु प्राधिकृत अधिकारी को अधिकार होगा कि बोलीकर्ता के मध्य खुली नीलामी संचालित करें और बंद निविदा प्रक्रिया में प्राप्त बिड से उच्चतर हेतु यदि कोई बोलीकर्ता प्रस्ताव रखना चाहता है तो ऐसी दशा में सर्वोच्च बिड करने वाले को सफल बोलीकर्ता धोषित किया जाएगा ।

08. बिक्री (नीलामी) की पुष्टि होने पर सफल बोलीकर्ता को सर्वोच्च बिड राशि (बिक्री मूल्य) का **25% (जमा की गई धरोहर राशि सहित**) तुरंत भुगतान करना होगा एवं शेष **75%** राशि बिक्री पुष्टि से 15 दिनों के भीतर चुकाई जाए अन्यथा **25%** की प्रारंभिक डिपॉजिट (धरोहर राशि) जब्त हो जाएगी। सफल बोलीकर्ता को राशि का भुगतान ''**सद्गुरू नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित भोपाल**'' के पक्ष में ड्राफ्ट या बैंकर चेक के माध्यम से जमा करना होगी। निर्धारित समय सीमा में राशि जमा न करने की स्थिति में बोलीकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जब्त कर ली जाएगी।

09. सफल बोलीकर्ता को संपत्ति पर भुगतान की जाने वाली सांविधिक देयताएं/असांविधिक देयताएं/स्टाम्प ड्यूटी/अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी/ट्रांसफर शुल्क/सभी शुल्क/असेसमेंट चार्जेस/अन्य प्रभार जिसमें पंजीयन शुल्क, स्टाम्प ड्यूटी, कर, लागू टीडीएस इत्यादि व्ययों का भुगतान स्वयं करना होगा।

10. सफल बोलीकर्ता वैधानिक बकायों का भुगतान करेगा (वैधानिक मकान कर, बिजली चार्ज व अन्य बकाया) यदि कोई है, जो सरकार, सरकारी उपक्रम एवं स्थानीय निकायों को देय हो।

निरंतर.....2

11. सफल बोलीकर्ता द्वारा निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर संपूर्ण बिक्री राशि की प्राप्ति के बाद ही प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सफल क्रेता के पक्ष में बिक्री प्रमाण पत्र जारी होगा।
12. प्राधिकृत अधिकारी के पास किसी भी या सभी प्रस्ताव को आगे बढ़ाने/निरस्त अथवा नीलामी की नियम एवं शर्तों में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
13. सीलबंद निविदाएं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 26.03.2026 तक कार्यालयीन समय प्रातः 10:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक बैंक के प्रधान कार्यालय ई–5/13, प्रथम तल, रविशंकर नगर, अरेरा कॉलोनी भोपाल में प्राप्त की जाएगी।
14. असफल बोलीकर्ता को धरोहर की राशि नीलामी दिनांक के पश्चात 03 कार्यकारी दिवस के भीतर बिना ब्याज के वापिस कर दी जावेगी।
15. बोलीकर्ता को धरोहर की राशि वापसी की प्राप्ति हेतु स्वयं की बैंक का कैंसिल चेक निविदा फॉर्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
16. अधिक जानकारी हेतु संबंधित प्राधिकृत अधिकारी से दूरभाष क्रं. 0755-2422182 एवं मोबाइल क्रमांक 9893025025 पर संपर्क करें।

अजय नांदेड़कर
प्राधिकृत अधिकारी
सद्‌गरू नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल